




नवभारत 10

भोपाल, शनिवार, 7 फरवरी 2026


## एक नजर में

### जिपं सामान्य सभा की बैठक 13 फरवरी को

**बैतूल।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 13 फरवरी को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अ. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल ने बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### गजानन महाराज का प्रगट उत्सव आज से

**बैतूल।** समर्थ श्री गजानन महाराज का प्रगट दिनोत्सव आज शनिवार 7 फरवरी से धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि रात्रि 8=30 बजे से सुंदरकांड का पाठ और रविवार प्रात- 10 बजे से 12 बजे तक श्री जी का महाभिषेक, दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक भजन कीर्तन, सामूहिक हवन, शाम 5 बजे से महाप्रसाद वितरण, रात्रि 8 बजे श्री जी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समिति ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**बैतूल।** आमढाना चुनालोमा गांव में खेत में पानी देने गए एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 44 वर्षीय चिरौंजी पिता रामलाल मसकोले के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, किसान चिरौंजी अपने खेत में सिंचाई करने गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खेत जाकर देखा, जहां वह गेहूं के खेत में मृत अवस्था में पाए गए। बताया जा रहा है कि किसान के खेत में बिजली के पोल से मोटर तक तार ले जाया गया था। बांस के सहारे स्टार्टर तक ले जाई गई इसी बिजली लाइन का तार कटा हुआ था। इसी कटे हुए तार के संपर्क में आने से किसान करंट की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलने पर खेड़ी चौकी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। एसआई राकेश सरेआम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। किसान मौके पर बिजली के तार में उलझा हुआ मिला था।

### 8 दुल दुल घोड़ी शिव बारात में रहेगी आकर्षण का केन्द्र

**बैतूल।** 15 फरवरी को निकलने वाली देवाधिदेव भोलेनाथ की दिव्य शिव बारात इस बार और भी भव्य और आकर्षक रूप में नजर आएगी। श्री शंभू भोले सेवा उत्सव समिति के सदस्य बिट्टू ठाकुर ने बताया कि जबलपुर की प्रसिद्ध 8 दुल दुल घोड़ी और मनमोहक मयूर नृत्य की प्रस्तुति शिव बारात में विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। यह दल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है और विभिन्न मंचों पर अपनी प्रस्तुति से ख्याति अर्जित कर चुका है। बिट्टू ठाकुर ने बताया कि पारंपरिक साज-सज्जा और कलात्मक प्रस्तुति के साथ 8 दुल दुल घोड़ी दल शिव बारात में शामिल होगा। इसके साथ मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। समिति का मानना है कि इस प्रस्तुति से बारात का धार्मिक उल्लास और भी बढ़ेगा। समिति के अनुसार बैतूल का प्रसिद्ध भारत धमाल ग्रुप अपने 50 साथियों के साथ धार्मिक भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियां देगा। यह ग्रुप अजमेर, इंदौर, गोंदिया और नागपुर जैसे बड़े शहरों में अपनी प्रस्तुतियों से पहचान बना चुका है और अब शिव बारात में भक्ति संगीत की विशेष छटा बिखेरेगा।

# नॉन अटैंड शिकायतों पर 37 अधिकारियों का कटेगा वेतन

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 6 फरवरी. सीएम हेल्पलाइन की नॉन अटेंड शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने नॉन अटेंड रही शिकायतों के दिनों के आधार पर अधिकारियों का फरवरी माह का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।**





जिसके अनुसार एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो लि. बैतूल जिला प्रबंधक विख्यात हिडोंलिया का 9 दिनों का वेतन, मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केन्द्र बोरदेही सहायक प्रबंधक संतोष कुमार चंदेल का 7 दिन का वेतन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैतूल सुश्री शिवानी राय का 6 दिन का वेतन तथा सचिव कृषि उपज मंडी समिति सुरेश कुमार परते का 6 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी सुश्री तीजा पवार का 5 दिन का वेतन, श्रम पदाधिकारी धम्मदीप भगत का 5 दिन का वेतन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुलताई धर्मपाल सिंह मरकाम का 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए है। मुलताई प्रभारी तहसीलदार संजय बरैया का 4 दिन का वेतन, लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री सुश्री प्रीति पटेल का 4 दिन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड भैंसदेही प्रभारी सहायक यंत्री निखिल जैन का 4 दिन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बैतूल कार्यपालन यंत्री मनोज कुमार बघेल का 4 दिन का वेतन तथा प्रभारी तहसीलदार चिचोली पीएस दीवान का 3 दिन का वेतन, प्रभारी तहसीलदार भैंसदेही भगवान दास कुमरे का 3 दिन का वेतन, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र भीमपुर के सहायक प्रबंधक क्षितिज मरावी का 3 दिन का वेतन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास बैतूल के उपसंचालक डॉ.आनंद कुमार बड़ोनिया का 3 दिन का वेतन तथा ऊर्जा विभाग के सहायक प्रबंधक सीएल सकोम का 3 दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड परियोजना क्रियान्वयन इकाई भोपाल सहायक परियोजना प्रबंधक श्री राहुल समाधिया का 2 दिन का वेतन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड शाहपुर के सहायक यंत्री योगेश धुर्वे का 2 दिन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रभात पट्टन सुश्री आंचल पवार का 2 दिन का वेतन तथा ई गवर्नेंस शाहपुर सहायक प्रबंधक सुश्री सविता कासदे का 1 दिन का वेतन, जिला शहरी विकास अभिकरण बैतूल के परियोजना अधिकारी सतीश मटसेनिया का 1 दिन का वेतन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बैतूल के सहायक ई गवर्नेंस प्रबंधक राजीव कुंभारे का 1 दिन, महिला एवं बाल विकास परियोजना बैतूल ग्रामीण के परियोजना अधिकारी निर्मल सिंह ठाकुर का 1 दिन का वेतन, महिला एवं बाल विकास परियोजना प्रभात पट्टन की परियोजना अधिकारी सुश्री वीरमति उबनारे का 1 दिन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभात पट्टन के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप धुर्वे का 1 दिन, जनपद शिक्षा केंद्र बैतूल के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दुर्गेश रघुवंशी का 1 दिन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड मुलताई के प्रभारी सहायक यंत्री राजेश गौर का 1 दिन का वेतन, लोक निर्माण विभाग उप संभाग बैतूल के अनुविभागीय अधिकारी दरदिनव परमार का 1 दिन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे का 1 दिन का वेतन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आमला गोपाल साहू का 1 दिन, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड आमला नगर जोन प्रबंधक विलास कुमार उइके का 1 दिन का वेतन, ताप्ती सामान्य बैतूल उपवन मंडल अधिकारी देवानंद पांडे का 1 दिन, जिला परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला का 1 दिन, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र सावलमेंढा के सहायक प्रबंधक जलज वायकर का 1 दिन का वेतन, उपायुक्त सहकारिता विभाग केके शिव का 1 दिन का वेतन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी सहकारिता विभाग बैतूल कुमारी परिधी अग्रवाल का 1 दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए हैं।

### विद्युत से सुरक्षा के लिए सावधानियां जरूर बरतें

**बैतूल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीण जनों को आगाह किया है कि वे अपने खेत-खलिहानों में विद्युत से सुरक्षा हेतु सावधानियां जरूर बरतें। अक्सर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में असावधानीवश विद्युत से कई बार अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं। यह दुर्घटनाएं कई बार जान-माल का नुकसान भी कर देती हैं। इनसे बचने के लिए ग्रामीणजनों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कंपनी ने कहा है कि कभी भी विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी न करें क्योंकि ऐसा करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। जरा भी असावधानी या छेडखानी से बडे-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है उन्हें आँधी तूफान या अन्य किसी कारण से टूटने वाले तारों को अकस्मात् छूने का प्रयास न करें।

## ढाबा संचालक से पुलिस ने की 17 हजार रुपये की अवैध शराब जप्त

**मुलताई। पवित्र नगरी से सटे क्षेत्र में अवैध शराब का गोरख धंधा जोरो से जारी है, जिसकी कई बार शिकायत ही चुकी है।**

**भागने लगा आरोपी, घेराबंदी कर पकड़ा**

**न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस तामील किया**



पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी मुलताई एसके सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब विक्रय करते हुये ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया मुखबिर सूचना मिली की कामथ मे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने के गरज से काले रंग थैले मे शराब लेकर खडा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जहाँ एक व्यक्ति एक घर के सामने काले रंग का सफेद धारी वाला थैला लिये खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा, जिसने अपना नाम पता राजकुमार पिता श्रीराम दुलारे जैसवाल उम्र 50 साल निवासी कामथ का रहना बताया। पुलिस द्वारा बैग की तलाशी लेने पर बैग मे अवैध देशी एवं अग्रेजी शराब के180 एमएल के 99 क्वार्टर, 90 एमएल के 6 क्वार्टर,375 एमएल की 3 बाटल ,750 एमएल की 3 बाटल एवं 3 बीयर की केन कुल 23.295 लीटर 17 हजार 347 रुपए जप्त की है। पुलिस द्वारा आरोपी राजकुमार को न्यायालय मे उपस्थित होने का नोटिस तामिल किया गया। उक्त कार्रवाई में टीआई नरेन्द्रसिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक एम.एल.गुप्ता, सेवाराम की मुख्य भूमिका रही।

## कार्यकर्ता भाजपा संगठन की नींव एवं चेहरा हैं

**मुलताई।** नगर के भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से विकसित भारत जी राम जी योजना विषय पर ब्लाक स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कार्यशाला में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार विधायक चंद्रशेखर देशमुख,जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, मुलताई नगर मंडल प्रभारी नरेंद्र गड़ेकर,नपा अध्यक्ष वर्षा गड़ेकर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, दुनावा मंडल अध्यक्ष अमित पवार, साईखेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश हिगंवे उपस्थित थे। कार्यक्रम की



शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छायाचित्र के के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि यूपीए सरकार के समय मनरेगा नाम था जिसे बदलकर वीबी जी राम जी कर दिया गया है नाम बदलने से कार्य परिवर्तन नहीं होता। पूर्व की योजना में जो खामियां थी उसे दूर कर दिया गया है, यह अधिनियम अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बनाया गया है। मनरेगा में श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार मिलता था लेकिन 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा, वही काम नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा द्य इस अधिनियम में श्रमिकों को आधार एवं बायोमेट्रिक पद्धति से भुगतान होने से प्रदर्शित होगी। अधिक रोजगार मिलने पर बेहतर आय होने से गांव से मजदूरों का पलायन रुकेगा।

## पुराने विवाद को लेकर चले चाकू एक युवक घायल, भोपाल रेफर

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तिलक वार्ड चौक स्थित एक किराना दुकान के पास शुक्रवार दोपहर बाद शेख इमरान (40), पिता मोहम्मद इकबाल, निवासी तिलक वार्ड पर तीन लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में इमरान चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमलावरों और घायल के बीच पुराना विवाद चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान आरोपियों ने शेख इमरान के पेट में चाकू मार दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, इमरान की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था, जिसके कारण यह हमला हुआ। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नपा ने एक दुकान की सील, एक लाख रुपये वसूले

**मुलताई।** नगर पालिका द्वारा टैक्स एवं दूकान किराया वसुली में सख्ती बरती जा रही है ।वसूली अभियान में तेजी लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीएमओ वीरेंद्र तिवारी कर्मचारियों के दल के साथ बस स्टैंड परिसर में स्थित दुकानों के बकाया किराए की वसूली के लिए निकले एवं सख्ती से वसूली की किराया नहीं जमा करने पर बस स्टैंड स्थित दूकान भी सील की गई। शुक्रवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में नगर पालिका का दल वसूली अभियान के लिए मैदान में उतरा। टीम ने दुकान दुकान जाकर बकायादारों से किराया जमा कराया ।सीएमओ वीरेंद्र तिवारी ने



बताया बकायादारों को बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी बकाया राशि का भुगतान नहीं करने वालो पर कार्रवाई की जा रही है। नगरपालिका द्वारा शुक्रवार को सीएमओ के नेतृत्व में 9 बकायादारो से 1 लाख 12 हजार 297 रुपए वसूल किए है। वहीं किराया जमा नहीं करने पर नगर पालिका कर्मचारियों से एक दुकान सील की गई है। जिससे बकायादारो में हड़कंप है। सहायक राजस्व निरीक्षक अमरलाल कवडे ने बताया नगर पालिका को बस स्टैंड की दुकानों का 11 लाख रुपए किराया वसूल करना है। समय पर किराया जमा न होने के कारण नपा की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

## संगीत संध्या मेरे पिको पवन का आयोजन 7 को

**पाथाखेड़ा।** भारतीय संगीत की अमर धरोहर, स्वर कोकिला लता मंगेशकर को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से स्वर साधना कराओके सिंगर क्लब (केएससी ग्रुप) के तत्वावधान में भव्य संगीत संध्या मेरे पिको पवन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 7 फरवरी को सायं 7 बजे डोंगरे मैरिज लॉन सारनी में आयोजित हो रहा है। इस विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम में छिंदवाड़ा, इटारसी, होशंगाबाद, बैतूल सहित स्थानीय क्षेत्र के चयनित एवं प्रतिभाशाली कलाकार भाग लेंगे। मंच से जब लता मंगेशकर द्वारा गाए गए सदाबहार, भावपूर्ण और कालजयी गीतों की सुरीली प्रस्तुतियां होंगी, तब श्रोतागण स्वरङ्स्मृतियों की उस दुनिया में पहुंच जाएंगे, जहां हर धुन भावनाओं से संवाद करती है। आयोजक रवि नागले, हेमांगनी कनाठे एवं गणेश भुमरकर ने बताया कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संगीत परंपरा को नमन करने और लता जी के अतुलनीय योगदान को स्मरण करने का एक भावनात्मक प्रयास है। उन्होंने नगर एवं क्षेत्र के समस्त संगीत प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस संगीतमय श्रद्धांजलि को सफल बनाने की बात कही है।

## परीक्षा की तैयारियां पूरी, गोपनीय सामग्री का वितरण

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा को लेकर जिले में तैयारियां पूरी हो गई हैं। शुक्रवार से गोपनीय सामग्री के वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रभारी डीईओ भूपेंद्र वरकड़े ने बताया कि बोर्ड के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण अंचलों के परीक्षा केंद्रों के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल से किया गया। कुल 102 परीक्षा केंद्रों के लिए यह सामग्री भेजी गई है, जबकि शहरी क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के लिए सामग्री का वितरण शनिवार को किया जाएगा। जिले में इस बार बोर्ड



परीक्षा 127 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इनमें 7 संवेदनशील और 4 अति संवेदनशील केंद्र शामिल हैं। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए 23 थाना क्षेत्रों को संकलन केंद्र बनाया गया है। केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष अपने-अपने प्रश्नपत्र संबंधित पुलिस थानों से प्राप्त करेंगे। इस वर्ष जिले में कुल 34 हजार 278 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें कक्षा 10वीं के 18 हजार 821 नियमित और 913 स्वाध्यायी, जबकि कक्षा 12वीं के 13 हजार 250 नियमित और 1 हजार 294 स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल हैं।

## पुलिस ने जब्त किया अवैध परिवहन करते कोयला से भरा ट्रेक्टर

**पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा पुलिस ने अवैध रूप से कोयले का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।**

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन के निर्देशों के तहत की गई। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी सारनी मार्गदर्शन रहा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 05 जनवरी को छतरपुर - 02 खदान के पीछे दुमकाढाना कच्चा रास्ता में एक बिना नम्बर का नीले सफेद रंग का स्वराज 735 एफइइ ट्रेक्टर ट्राली का चालक आते देखकर ट्रेक्टर ट्राली



बडी तेजी से चलाते हुये दुमकाढाना की ओर ले जाते दिखाई दिया, जिसका पुलिस द्वारा पीछा करने पर दुमकाढाना रास्ते में ट्रेक्टर ट्राली को छोडकर चालक जंगल में भाग गया। पुलिस द्वारा ट्रेक्टर ट्राली को चैक किया, जिसमें कोयला की चूरी भरी हुई थी। कोयला का चूरा कीमत करीबन 20,000 रू आंकी गई। पुलिस ने उक्त मामला धारा 303 (2) बीएनएस का होने से बिना नम्बर का नीले सफेद रंग का स्वराज ट्रैक्टर के चालक के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं ट्रेक्टर ट्राली बिना नम्बर का नीले सफेद रंग का स्वराज 735 एफइइ ट्रेक्टर एवं ट्राली कोयला से भरा कीमती-8,20,000 रूपये जब्त की है। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इनवाती थाना प्रभारी सारणी, उपनिरीक्षक मनोज कुमार उईके चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा, सउनि अजय भाट, प्रधान आरक्षक मनोज डेहरिया, आरक्षक राकेश करपे और आरक्षक चालक नितिन यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**प्रदर्शन** आमला बोरदेही मार्ग पर किया चक्काजाम, दो घंटे तक थमे रहे वाहनों के पहिए

# लादी-सारणी सड़क निर्माण की मांग को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण

**आमला। लगभग तीन वर्ष पहले लादी सारणी सड़क के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने वनग्राम लादी के समीप भूमिपूजन किया था। भूमिपूजन करवाकर पी.डब्लू.डी. भूल गया। सड़क का निर्माण अधर में लटक गया।**

ग्रामीण आवेदन निवेदन करते रहे, जिला मुख्यालय पर भी गुहार लगाई पर नतीजा सिफर निकला। शुक्रवार ग्रामीणों के सब्र का बांध फूट गया और 5 सैकड़ा से अधिक ग्रामीण सड़क पर आ गए। आमला बोरदेही मार्ग जाम कर दिया गया, वाहनों के पहिए थम गए। एक दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीण ग्राम रतेडाकला के समीप सड़क पर बैठकर शासन प्रशासन के



खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रशासन हरकत में आया, एस.डी.एम. सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाया गया, प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच लंबी चर्चा हुई आश्वासन दिए गए, निर्माण से जुडे कागज पत्तर दिखाए गए उसके बाद प्रदर्शनकारी मार्ग से हटे और वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रतेड़ाकला लादी भाण्डावाडी, बिच्छुखान, राशिढाना, देवपिपरिया, जमदेहीखुर्द, सुरनादेही, कुण्डारा सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों ने आज प्रशासन की मुश्किले बढ़ा दी थी।

**दो घंटे सड़क पर डटे रहे ग्रामीण :** अपनी मांग को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। मजदूर काम पर नही गए थे किसान भी आज खेत से दूर थे। महिलाएं भी घर का काम छोडकर सड़क पर आ गई। सुबह 10 बजे सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर बैठ गए। लगभग दो ढाई घंटे ग्रामीण सड़क पर ही डटे रहे, पुलिस बल के लाख प्रयास करने के बाद भी ग्रामीण टस से मस नही हुए।

**इन्होने संभाला मोर्चा :** प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करने वालों में ग्राम पंचायत लादी के सरपंच राजु सिलु, जितेन्द्र शर्मा, सरपंच पार्वती ज्ञानसिंह धुर्वे, दिनेश यादव, अर्जुन उइके, सरपंच सुखराम उइके, इमरत उइके, मनीराम कुमरे, दिलबर उइके, ओझा महाजन, जयपाल यादव, विजय पारधी अशोक इवने, आदि ने मोर्चा संभाला और क्षेत्र की मांगो को प्रशासन तक पहुंचाया।

**प्रशासन ने दिया आश्वासन**

एस.डी.एम. शैलेन्द्र बडोनिया, तहसीलदार शत्रुघ्न चौहान, नायब तहसीलदार रीचा कौरव, वनपरिक्षेत्र अधिकारी नानकराम कुशवाह, लोक निर्माण विभाग के एस.डी.ओ., उपयंत्री, थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने मौके पर पंहुचकर प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और सड़क निर्माण की मांग को जल्द से जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)

क्र./ई टेण्डरिंग/लो.नि.शा./2026/1243 मुलताई दिनांक 05.02.2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)//**

नगर पालिका परिषद मुलताई के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में फेब्रीकेशन कार्य हेतू निर्माता/पंजीकृत सप्लायर/डीलर/फर्म से आनलाईन निविर्दा सामग्री दर (Item Rate) पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | अमानत राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद मुलताई के लिए फेब्रीकेशन कार्य। 2026_UAD_480391_1 | 15.00 | 11250.00 | 2000.00 | निर्माण सामग्री आदेश दिनांक से 07 दिवस की अवधि में वर्ष 2026-27 |

नोट :- 1. इच्छुक एवं पात्र निविदादाता विस्तृत निविदा एवं समस्त जानकारी https://www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 06/02/2026 समय सुबह 10.30 बजे से दिनांक 07/03/2026 समय सांय 5.30 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है तथा ऑनलाईन दर प्रस्तुत की जा सकती है।

3. देयको का भुगतान निकाय की वित्तीय स्थिति के अनुसार किया जावेंगा एवं निविदा में किये जाने वाले संभावित संशोधन की सूचना समाचार पत्रो में प्रकाशित नही की जावेंगी, निविदा से संबंधित संशोधन वेबसाइट पर ऑनलाईन देखे जा सकते है।

(श्रीमती वर्षा गढेकर) अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मुलताई

(श्री शिवकुमार माहोरे) उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद मुलताई

(श्रीमती कुसुम मारोती पंवार) सभापति, लोक निर्माण, आवास एवं पर्यावरण, नपा परिषद मुलताई

(श्री वीरेन्द्र तिवारी) मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मुलताई